बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

संख्या–भा०व०से० (स्था०)–21/2012 5374/प०व०ज०प० पटना–15, दिनांक–04/10/2025

सेवा में,

महालेखाकार,
बिहार, पटना

| * |
|---|
| अनौपचारिक रूप से परामर्शित |

द्वारा :– * वित्त विभाग,
बिहार, पटना

विषय :– बिहार राज्य के अन्तर्गत वन प्रमंडलों के पुनर्गठन के साथ–साथ नौ नये वन प्रमंडलों का सृजन एवं उसके लिए विभिन्न कोटि के कुल 927 पदों के सृजन की स्वीकृति।

आदेश :– **स्वीकृत**

**महाशय,**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रशासकीय/प्रबंधकीय तंत्र के सुदृढीकरण, वानिकी कार्यों के नियंत्रण एवं जन समुदाय से प्रभावी सामंजस्य के दृष्टिकोण से बिहार राज्य के अन्तर्गत वन प्रमंडलों के पुनर्गठन के साथ–साथ 9 नये वन प्रमंडलों का सृजन एवं इन नव सृजित वन प्रमंडलों के लिए रूपये 46,73,34,900/– (छियालीस करोड़ तिहत्तर लाख चौंतीस हजार नौ सौ रूपये) के अनुमानित वार्षिक व्यय पर विभिन्न कोटि के कुल 927 पदों के सृजन की स्वीकृति **परिशिष्ट–1** के अनुरूप कोटिवार पदों की संख्या एवं वेतन स्तर के अन्तर्गत दी जाती है।

**नव सृजित वन प्रमंडलों का क्षेत्राधिकार निम्नवत् होगा :–**

| क्रम सं० | नवसृजित प्रमंडल का नाम | कार्य क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | वन प्रमंडल पदाधिकारी, बक्सर वन प्रमंडल, बक्सर। | इस प्रमंडल का सृजन वर्तमान भोजपुर वन प्रमंडल से बक्सर जिले को लेकर किया जा रहा है। इस प्रमंडल का कार्य क्षेत्र सम्पूर्ण बक्सर जिला होगा एवं इसका मुख्यालय बक्सर होगा।<br>पुनर्गठन के पश्चात् भोजपुर वन प्रमंडल का कार्य क्षेत्र सिर्फ भोजपुर जिला तक सीमित रहेगा। |
| 2. | वन प्रमंडल पदाधिकारी, जहानाबाद वन प्रमंडल, जहानाबाद | इस प्रमंडल का सृजन वर्तमान गयाजी वन प्रमंडल से जहानाबाद जिले को लेकर किया जा रहा है। इस प्रमंडल का कार्य क्षेत्र जहानाबाद जिला होगा एवं इसका मुख्यालय जहानाबाद होगा।<br>पुनगर्ठन के पश्चात् गयाजी वन प्रमंडल का कार्य क्षेत्र सिर्फ गयाजी जिले तक सीमित रहेगा। |
| 3. | वन प्रमंडल पदाधिकारी, लखीसराय वन प्रमंडल, लखीसराय। | इस प्रमंडल का सृजन वर्तमान मुंगेर वन प्रमंडल से लखीसराय जिले एवं जमुई वन प्रमंडल से शेखपुरा जिला को लेकर किया जा रहा है। इस प्रमंडल का कार्य क्षेत्र लखीसराय एवं शेखपुरा जिला होगा एवं इसका मुख्यालय लखीसराय होगा।<br>पुनर्गठन के पश्चात् मुंगेर एवं जमुई वन प्रमंडल का कार्य क्षेत्र क्रमशः सिर्फ मुंगेर एवं जमुई जिले तक सीमित रहेगा। |

Jobs Wale Bhaiya

| | | |
|---|---|---|
| 4. | वन प्रमंडल पदाधिकारी, मधुबनी वन प्रमंडल, मधुबनी। | इस प्रमंडल का सृजन वर्तमान मिथिला वन प्रमंडल से मधुबनी जिले को लेकर किया जा रहा है। इस प्रमंडल का कार्य क्षेत्र मधुबनी जिला होगा एवं इसका मुख्यालय मधुबनी होगा।<br>पुनर्गठन के पश्चात् मिथिला वन प्रमंडल का कार्य क्षेत्र सिर्फ दरभंगा जिले तक सीमित रहेगा। |
| 5. | वन प्रमंडल पदाधिकारी, सीवान वन प्रमंडल, सीवान। | इस प्रमंडल का सृजन वर्तमान गोपालगंज वन प्रमंडल से सीवान जिले को लेकर किया जा रहा है। इस प्रमंडल का कार्य क्षेत्र सीवान जिला होगा एवं इसका मुख्यालय सीवान होगा।<br>पुनर्गठन के पश्चात् गोपालगंज वन प्रमंडल का कार्य क्षेत्र सिर्फ गोपालगंज जिले तक सीमित रहेगा। |
| 6. | वन प्रमंडल पदाधिकारी, कटिहार वन प्रमंडल, कटिहार। | इस प्रमंडल का सृजन वर्तमान पूर्णियॉ वन प्रमंडल से कटिहार जिले को लेकर किया जा रहा है। इस प्रमंडल का कार्य क्षेत्र कटिहार जिला होगा **एवं** इसका मुख्यालय कटिहार होगा।<br>पुनर्गठन के पश्चात् पूर्णियॉ वन प्रमंडल का कार्य क्षेत्र सिर्फ पूर्णियॉ जिले तक सीमित रहेगा। |
| 7. | वन प्रमंडल पदाधिकारी, खगडिया वन प्रमंडल, खगड़िया। | इस प्रमंडल का सृजन वर्तमान बेगूसराय वन प्रमंडल से खगड़िया जिले को लेकर किया जा रहा है। इस प्रमंडल का कार्य क्षेत्र खगड़िया जिला होगा एवं इसका मुख्यालय खगड़िया होगा।<br>पुनर्गठन के पश्चात् बेगूसराय वन प्रमंडल का क्षेत्र सिर्फ बेगूसराय जिले तक सीमित रहेगा। |
| 8. | वन प्रमंडल पदाधिकारी, मधेपुरा वन प्रमंडल, मधेपुरा। | इस प्रमंडल का सृजन वर्तमान सहरसा वन प्रमंडल से मधेपुरा जिले को लेकर किया जा रहा है। इस प्रमंडल का कार्य क्षेत्र मधेपुरा जिला होगा एवं इसका मुख्यालय मधेपुरा होगा।<br>पुनर्गठन के पश्चात् सहरसा वन प्रमंडल का क्षेत्र सिर्फ सहरसा जिले तक सीमित रहेगा। |
| 9. | वन प्रमंडल पदाधिकारी, किशनगंज वन प्रमंडल, किशनगंज। | इस प्रमंडल का सृजन वर्तमान अररिया वन प्रमंडल से किशनगंज जिले को लेकर किया जा रहा है। इस प्रमंडल का कार्य क्षेत्र किशनगंज जिला होगा **एवं** इसका मुख्यालय किशनगंज होगा।<br>पुनर्गठन के अररिया वन प्रमंडल का क्षेत्र सिर्फ अररिया जिले तक सीमित रहेगा। |

Jobs Wale Bhaiya

II. नव सृजित 09 नये वन प्रमंडलों के लिए विभिन्न कोटि के सृजित पदों का विवरण निम्नवत् है :–

| क्रम सं० | पदनाम | वेतन स्तर | सृजित पदों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वन प्रमंडल पदाधिकारी | लेवल–11 | 09 | वन प्रमंडल पदाधिकारी के पद धारक भारतीय वन सेवा/बिहार वन सेवा के उपलब्ध पदाधिकारी होंगे। अतएव इस पद के सृजन से कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पडेगा। |
| 2. | सहायक वन संरक्षक | लेवल–09 | 09 | नव सृजित वन प्रमंडलों की संख्या 09 है। प्रत्येक वन प्रमंडल में कुल 01 सहायक वन संरक्षक के पद सृजित किये गये है। ये मुख्यालय स्तर पर निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के दायित्वों का निर्वहन करने के साथ ही क्षेत्रीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे। |
| 3. | वनों के क्षेत्र पदाधिकारी | लेवल–06 | 27 | नव सृजित वन प्रमंडलों की संख्या 09 है। प्रत्येक नवसृजित वन प्रमंडल के लिए 03 वनों के क्षेत्र पदाधिकारी अर्थात कुल 27 वनों के क्षेत्र पदाधिकारी का पद सृजित किया गया है। |
| 4. | वनपाल | लेवल–05 | 108 | कुल 27 वनों के क्षेत्र पदाधिकारी के पद सृजित किये गये हैं। प्रत्येक प्रक्षेत्रों के लिए 04 वनपाल अर्थात कुल 108 वनपाल के पद सृजित किये गये हैं। |
| 5. | वनरक्षी | लेवल–03 | 432 | कुल 108 वनपाल का पद सृजित किया गया हैं । प्रत्येक वनपाल के लिए 04 वनरक्षी अर्थात कुल 432 वनरक्षी का पद सृजित किया गया है। |
| 6. | सहायक प्रशासी पदाधिकारी | लेवल–07 | 09 | नव सृजित वन प्रमंडलों की संख्या 09 है। प्रत्येक वन प्रमंडल में कुल 01 सहायक प्रशासी पदाधिकारी के पद सृजित किये गये है। |
| 7. | प्रधान लिपिक | लेवल–06 | 09 | नव सृजित वन प्रमंडलों की संख्या 09 है। प्रत्येक वन प्रमंडल में कुल 01 प्रधान लिपिक के पद सृजित किये गये है। |
| 8. | उच्च वर्गीय लिपिक | लेवल–04 | 27 | नव सृजित वन प्रमंडलों की संख्या 09 है। प्रत्येक वन प्रमंडल कार्यालय हेतु कुल 03 उच्च वर्गीय लिपिक अर्थात कुल 27 उच्च वर्गीय लिपिक के पद का सृजन किया गया है। |
| 9. | निम्न वर्गीय लिपिक | लेवल–02 | 99 | नव सृजित वन प्रमंडलों की संख्या 09 है। प्रत्येक वन प्रमंडल कार्यालय, सहायक वन संरक्षक एवं प्रक्षेत्र कार्यालय (03) हेतु क्रमशः 07, 01 एवं 03 कुल 11 निम्न वर्गीय लिपिक अर्थात कुल 99 निम्न वर्गीय लिपिक के पद का सृजन किया गया है। |

Jobs Wale Bhaiya

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10. | आशुलिपिक–III | लेवल–04 | 09 | नव सृजित वन प्रमंडलों की संख्या 09 है। प्रत्येक वन प्रमंडल में कुल 01 आशुलिपिक–III के पद सृजित किये गये है। |
| 11. | अमीन | लेवल–03 | 09 | नव सृजित वन प्रमंडलों की संख्या 09 है। प्रत्येक वन प्रमंडल में कुल 01 अमीन के पद सृजित किये गये है। |
| 12. | वाहन चालक | लेवल–02 | 45 | नव सृजित वन प्रमंडलों की संख्या 09 है। प्रत्येक वन प्रमंडल कार्यालय, सहायक वन संरक्षक एवं प्रक्षेत्र कार्यालय (03) हेतु क्रमशः 01, 01 एवं 03 कुल 05 वाहन चालक अर्थात कुल 45 वाहन चालक के पद का सृजन किया गया है। |
| 13 | कार्यालय परिचारी | लेवल–01 | 72 | नव सृजित वन प्रमंडलों की संख्या 09 है। प्रत्येक वन प्रमंडल कार्यालय, सहायक वन संरक्षक एवं प्रक्षेत्र कार्यालय (03) हेतु क्रमशः 04, 01 एवं 03 कुल 08 कार्यालय परिचारी अर्थात कुल 72 कार्यालय परिचारी के पद का सृजन किया गया है। |
| 14. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 25209/– | 63 | नव सृजित वन प्रमंडलों की संख्या 09 है। प्रत्येक वन प्रमंडल कार्यालय, सहायक वन संरक्षक एवं प्रक्षेत्र कार्यालय (03) हेतु क्रमशः 03, 01 एवं 03 कुल 07 कम्प्यूटर ऑपरेटर अर्थात कुल 63 कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद का सृजन किया गया है। कम्प्यूटर ऑपरेटरों की सेवायें बेल्ट्रॉन के माध्यम से संविदा के आधार ली जायेगी। |
| | **कुल** | | **927** | |

3. नवसृजित प्रत्येक 09 वन प्रमंडल कार्यालय के लिए सृजित विभिन्न कोटि के पदों की संख्या, वेतन स्तर संलग्न **परिशिष्ट–2** के अनुरूप होंगे।

4. नवसृजित पदों पर होने वाले व्यय का वहन मुख्य शीर्ष–2406–वानिकी तथा वन्य प्राणी, उप मुख्य शीर्ष–01–वानिकी, लघु शीर्ष–101–वन संरक्षण, विकास तथा संपोषण, उप शीर्ष–0001–वनों का विस्तार, उन्नति एवं सुरक्षा, विपत्र कोड–19–2406011010001 में उपबंधित राशि से किया जायेगा।

5. उपरोक्त नये वन प्रमंडलों एवं उसके लिए विभिन्न कोटि के कुल 927 पदों के सृजन के प्रस्ताव पर दिनांक 03.10.2025 को संपन्न मंत्रिपरिषद की बैठक में स्वीकृति प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

(आनन्द किशोर)
सरकार के प्रधान सचिव

भा०व०से०(स्था०)–21/2012 नीरज

Jobs Wale Bhaiya

ज्ञापांक–भा०व०से०(स्था०)–21/2012 5374/प०व०ज०प० पटना– 15, दिनांक 04/10/2025

**प्रतिलिपि** :– ई गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सी.डी. एवं दो अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(आनन्द किशोर)
सरकार के प्रधान सचिव

ज्ञापांक–भा०व०से०(स्था०)–21/2012 5374/प०व०ज०प० पटना– 15, दिनांक 04/10/2025

**प्रतिलिपि** :– प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना/मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/संबंधित कोषागार पदाधिकारी/प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF), बिहार, पटना/प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), बिहार, पटना/सभी अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/सभी क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक/सभी मुख्य वन संरक्षक/सभी वन संरक्षक/सभी वन प्रमंडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(आनन्द किशोर)
सरकार के प्रधान सचिव

ज्ञापांक–भा०व०से०(स्था०)–21/2012 5374/प०व०ज०प० पटना– 15, दिनांक 04/10/2025

**प्रतिलिपि** :– प्रधान सचिव, मंत्रिपरिषद सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को दिनांक– 03.10.2025 को सम्पन्न मंत्रिपरिषद की बैठक में मद संख्या–54 के रूप में सम्मिलित एवं स्वीकृत प्रस्ताव के अनुपालन के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(आनन्द किशोर)
सरकार के प्रधान सचिव

ज्ञापांक–भा०व०से०(स्था०)–21/2012 5374/प०व०ज०प० पटना– 15, दिनांक 04/10/2025

**प्रतिलिपि** :– प्रधान सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/मुख्यालय के सभी पदाधिकारी/आई०टी० मैनेजर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(आनन्द किशोर)
सरकार के प्रधान सचिव

Jobs Wale Bhaiya

## अतिरिक्त प्रस्तावित पदों के सृजन के फलस्वरूप अनुमानित वार्षिक व्यय की विवरणी।

| क्रमांक | सेवा/संवर्ग | | पे एवं पे लेवल | एक माह का वेतन | एक माह का महंगाई भत्ता (55%) | आवास भत्ता (20%) | एक माह का परिवहन भत्ता | एक माह का परिवहन भत्ता पर महंगाई भत्ता (55%) | एक माह का चिकित्सा भत्ता | एक माह का वेतन अन्य भत्ता का योग (4 to 9) | नव सृजित पदों की संख्या | अनुमानित मासिक व्यय (10 x 11) | कुल वार्षिक व्यय (12 x 12 माह) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | बिहार वन सेवा | उप वन संरक्षक | (67700-208700) Level-11 | 67700 | 37235 | 13540 | 4000 | 2200 | 1000 | 125675 | 9 | 1131075 | 13572900 | |
| 2 | बिहार वन सेवा | सहायक वन संरक्षक | (53100-167800) Level-9 | 53100 | 29205 | 10620 | 3000 | 1650 | 1000 | 98575 | 9 | 887175 | 10646100 | |
| 3 | बिहार वनों के क्षेत्र पदाधिकारी सेवा संवर्ग | वनों के क्षेत्र पदाधिकारी | (35400-112400) Level-6 | 35400 | 19470 | 7080 | 1500 | 825 | 1000 | 65275 | 27 | 1762425 | 21149100 | |
| 4 | बिहार अवर वन सेवा संवर्ग | वनपाल | (29200-92300) Level-5 | 29200 | 16060 | 5840 | 1500 | 825 | 1000 | 54425 | 108 | 5877900 | 70534800 | |
| 5 | | वनरक्षी | (21700-69100) Level-3 | 21700 | 11935 | 4340 | 1500 | 825 | 1000 | 41300 | 432 | 17841600 | 214099200 | |
| 6 | बिहार वन लिपिकीय सेवा संवर्ग | सहायक प्रशासी पदाधिकारी | (44900-142400) Level-7 | 44900 | 24695 | 8980 | 3000 | 1650 | 1000 | 84225 | 9 | 758025 | 9096300 | |
| 7 | | प्रधान लिपिक | (35400-112400) Level-6 | 35400 | 19470 | 7080 | 1500 | 825 | 1000 | 65275 | 9 | 587475 | 7049700 | |
| 8 | | उच्चवर्गीय लिपिक | (25500-81100) Level-4 | 25500 | 14025 | 5100 | 1500 | 825 | 1000 | 47950 | 27 | 1294650 | 15535800 | |
| 9 | | निम्नवर्गीय लिपिक | (19900-63200) Level-2 | 19900 | 10945 | 3980 | 1500 | 825 | 1000 | 38150 | 99 | 3776850 | 45322200 | |
| 10 | बिहार पर्यावरण एवं वन विभाग क्षेत्रीय आशुलिपिक सेवा संवर्ग | आशुलिपिक–III | (25500-81100) Level-4 | 25500 | 14025 | 5100 | 1500 | 825 | 1000 | 47950 | 9 | 431550 | 5178600 | |
| 11 | बिहार, पर्यावरण एवं वन विभाग क्षेत्रीय अमीन सेवा संवर्ग | अमीन | (21700-69100) Level-3 | 21700 | 11935 | 4340 | 1500 | 825 | 1000 | 41300 | 9 | 371700 | 4460400 | |
| 12 | बिहार वाहन चालक | चालक | (19900-63200) Level-2 | 19900 | 10945 | 3980 | 1500 | 825 | 1000 | 38150 | 45 | 1716750 | 20601000 | |
| 13 | बिहार कार्यालय परिचारी संवर्ग | कार्यालय परिचारी | (18000-56900) Level-1 | 18000 | 9900 | 3600 | 1500 | 825 | 1000 | 34825 | 72 | 2507400 | 30088800 | |
| 14 | | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | 25209 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 25209 | 63 | 1588167 | 19058004 | बेल्ट्रॉन द्वारा निर्धारित मानदेय। |
| | | | | | | | | | | | कुल व्यय | **38944575** | **467334900** | |

सरकार के संयुक्त सचिव,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
बिहार, पटना।

Jobs Wale Bhaiya

नव सृजित वन प्रमंडल वार विभिन्न सेवा संवर्गों के पदों की कुल आवश्यकता की गणना।

परिशिष्ट–2

| क्रम सं0 | कार्यालय | बिहार वन सेवा संवर्ग | | बिहार वनों के क्षेत्र पदाधिकारी संवर्ग | बिहार अवर वन सेवा संवर्ग | | बिहार वन लिपिकीय सेवा संवर्ग | | | | बिहार पर्यावरण, वन एवं विभाग क्षेत्रीय आशुलिपिक सेवा संवर्ग | बेल्ट्रॉन द्वारा सेवाएं ली जायेगी | वाहन चालक संवर्ग | बिहार कार्यालय परिचारी संवर्ग | बिहार, पर्यावरण एवं वन विभाग क्षेत्रीय अमीन सेवा संवर्ग | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वन प्रमंडल पदाधिकारी (उप वन संरक्षक) (लेवल–11) | सहायक वन संरक्षक (लेवल–9) | वनों के क्षेत्र पदाधिकारी (लेवल–6 | वनपाल (लेवल–5) | वनरक्षी (लेवल–3) | सहायक प्रशासी पदाधिकारी (लेवल–7) | प्रधान लिपिक (लेवल–6) | उच्चवर्गीय लिपिक (लेवल–4) | निम्नवर्गीय लिपिक (लेवल–2) | आशुलिपिक– III (लेवल–4) | कम्प्यूटर ऑपरेटर | चालक (लेवल–2) | कार्यालय परिचारी (लेवल–1) | अमीन (लेवल–3) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 1 | वन प्रमंडल पदाधिकारी, बक्सर वन प्रमंडल, बक्सर। | 1 | 1 | 3 | 12 | 48 | 1 | 1 | 3 | 11 | 1 | 7 | 5 | 8 | 1 | 103 |
| 2 | वन प्रमंडल पदाधिकारी, जहानाबाद वन प्रमंडल, जहानाबाद। | 1 | 1 | 3 | 12 | 48 | 1 | 1 | 3 | 11 | 1 | 7 | 5 | 8 | 1 | 103 |
| 3 | वन प्रमंडल पदाधिकारी, लखीसराय वन प्रमंडल, लखीसराय। | 1 | 1 | 3 | 12 | 48 | 1 | 1 | 3 | 11 | 1 | 7 | 5 | 8 | 1 | 103 |
| 4 | वन प्रमंडल पदाधिकारी, मधुबनी वन प्रमंडल, मधुबनी। | 1 | 1 | 3 | 12 | 48 | 1 | 1 | 3 | 11 | 1 | 7 | 5 | 8 | 1 | 103 |
| 5 | वन प्रमंडल पदाधिकारी, सीवान वन प्रमंडल, सीवान। | 1 | 1 | 3 | 12 | 48 | 1 | 1 | 3 | 11 | 1 | 7 | 5 | 8 | 1 | 103 |
| 6 | वन प्रमंडल पदाधिकारी, कटिहार वन प्रमंडल, कटिहार। | 1 | 1 | 3 | 12 | 48 | 1 | 1 | 3 | 11 | 1 | 7 | 5 | 8 | 1 | 103 |
| 7 | वन प्रमंडल पदाधिकारी, खगड़िया वन प्रमंडल, खगड़िया | 1 | 1 | 3 | 12 | 48 | 1 | 1 | 3 | 11 | 1 | 7 | 5 | 8 | 1 | 103 |
| 8 | वन प्रमंडल पदाधिकारी, मधेपूरा वन प्रमंडल मधेपूरा। | 1 | 1 | 3 | 12 | 48 | 1 | 1 | 3 | 11 | 1 | 7 | 5 | 8 | 1 | 103 |
| 9 | वन प्रमंडल पदाधिकारी, किशनगंज वन प्रमंडल, किशनगंज। | 1 | 1 | 3 | 12 | 48 | 1 | 1 | 3 | 11 | 1 | 7 | 5 | 8 | 1 | 103 |
| | कुल | 9 | 9 | 27 | 108 | 432 | 9 | 9 | 27 | 99 | 9 | 63 | 45 | 72 | 9 | 927 |

सरकार के संयुक्त सचिव
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
बिहार, पटना

Jobs Wale Bhaiya